भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +3475
सोमवार, 20 दिसम्बर, 2021/29 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

कुमारकोम का विकास

+3475. एडवोकेट ए.एम. आरिफः
श्री थोमस चाजिकाडनः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने कि कृपा करेंगे किः

(क**)** क्या सरकार ने देश में पर्यटन केन्द्रों को दर्शनीय पर्यटन स्थल (आईटीडी) घोषित करने के लिए कदम उठाए है;

(ख) यदि हां, तो अब तक घोषित आईटीडी का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने कुमारकोम को एक प्रतिष्ठित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए विकासात्मक, ढांचागत, संरक्षण संबंधी लक्ष्यों की पहचान की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त लक्ष्यों के प्रत्येक घटक के लिए प्रदान की गई और उपयोग की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ड) क्या सरकार केरल के अलाप्पुझा जिले में पास के पथिरमनल द्वीप को कुमारकोम आईटीडी ते अंग के रूप में शामिल करने का विचार कर रही है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (च): पर्यटन मंत्रालय ने "प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों का विकास" परियोजना तैयार की है । यह योजना अभी अनुमोदित नहीं है एवं मसौदा स्तर पर है और इस लिए आगे विवरण को अंतिम रूप नहीं दिया गया है ।

****